भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 03
उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022

आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के संस्थान

†*3. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की स्थापना करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) राज्य के विभाजन के उपरांत आंध्र प्रदेश में स्थापित किए गए ऐसे संस्थानों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने उक्त अधिनियम में की गई परिकल्पना के अनुसार कृषि क्षेत्र में ऐसे किसी संस्थान की स्थापना की है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो राष्ट्रीय महत्व के ऐसे संस्थानों की स्थापना करने में होने वाले विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) से (ड.) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी और श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा दिनांक 18.07.2022 को पूछा गया लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 3 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग) जी हाँ। सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार उत्तरवर्ती आंध्र प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं। इसमें एक आईआईटी, एक एनआईटी, एक आईआईएम, एक आईआईएसईआर, एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, एक पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, एक कृषि विश्वविद्यालय और एक आईआईआईटी की स्थापना करना शामिल हैं। इन संस्थानों का विवरण नीचे दिया गया है:

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), तिरुपति: वर्ष 2015-16 से कार्यात्मक हुआ है।
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), ताडेपल्लीगुडेम: वर्ष 2015 से कार्यात्मक हुआ है।
3. भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), विशाखापत्तनम: वर्ष 2015-16 से कार्यात्मक हुआ है।
4. भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), तिरुपति: वर्ष 2015-16 से कार्यात्मक हुआ है।
5. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अनंतपुर: वर्ष 2018-19 से कार्यात्मक हुआ है।
6. पेट्रोलियम विश्वविद्यालय : भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान, विशाखापत्तनम 2016-17 से कार्यात्म:क हुआ है।
7. कृषि विश्वविद्यालय : आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय, (एएनजीआरएयू), गुंटूर : वर्ष 2014 से कार्यात्म्क हुआ है।
8. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी डिजाईन और विनिर्माण संस्थान, कुरनूल :2015-16 से कार्यात्मक हुआ है।

(घ) और (ड.) जी हाँ। कृषि के क्षेत्र में आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय (एएनजीआरएयू), गुंटूर को मुख्यालय, कॉलेजों, संस्थागत सुविधाओं आदि से युक्त कर पूर्णतया स्थापित किया गया है और राज्य सरकार के अधिदेश के अनुसार यह 2014 से कार्यात्मक हुआ है। इसके अलावा, एएनजीआरएयू, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा मान्यता प्राप्त है और यह गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा के मानदंडों को पूरा करता है।

*****